# Code No. 403

**Class** : **11th (Eleventh)** **Series : 11-M / 2017**

रोल नं० : | | | | | | | | | | |

हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]

(only for Fresh / School Candidates)

समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे ] [ पूर्णांक : **80**

---

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **12** है।
- प्रश्न- पत्र में सबसे ऊपर दिये गये कोड नम्बर की छात्र उत्तर पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़े।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य सीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखे और लिखा उत्तर न काटे।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखे और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाऐं ।
- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित करने कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

---



www.mseducationtv.com

नोट :- (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम / शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 x 7 = 7

(क) 'एकै खाक गढ़े सब भांडे, एकै कोहरा सांनां' - यहाँ 'कोहरा' का अर्थ है :

(i) कोहरा (ii) धुंध

(iii) कुम्हार (iv) कोमल

(ख) मीरा ने आँसुओं से सींचकर किसकी बेल बोई ?

(i) प्रेम की (ii) अमरता की

(iii) फूलों की (iv) आनंद की

(ग) 'पथिक' कविता में अंतरिक्ष की छत पर अंधकार क्या छिटका देता है ?

(i) चाँद (ii) तारे

(iii) रात्रि (iv) बादल

(घ) किसान का बेटा किसकी लाठी से मारा गया ?

(i) पुलिस (ii) पड़ोसी

(iii) कारकुन (iv) गुण्डे



www.mseducationtv.com

(ङ) भवानी प्रसाद मिश्र ने कविता में अपनी कितनी बहने बताई हैं ?

(i) एक (ii) दो

(iii) तीन (iv) चार

(च) दुष्यंत कुमार ने शहर के लिए क्या मयस्सर नहीं होने की बात कही है ?

(i) रोटी (ii) चिराग

(iii) सुंदरता (iv) धन

(छ) 'सबसे खतरनाक' कविता में किसकी लौ में पढ़ना बुरा बताया है ?

(i) मोमबत्ती की (ii) दीपक की

(iii) जुगनू की (iv) चाँद की

2. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 6

आसन मारि डिंभ धरि बैठे, मन में बहुत गुमाना।
पीपर पाथर पूजन लागे, तीरथ गर्व भुलाना।।
टोपी पहिरे माला पहिरे, छाप तिलक अनुमाना।
साखी सब्दहि गावत भूले, आतम खबरि न जाना।।



www.mseducationtv.com

अथवा

सबसे खतरनाक वह गीत होता है
आपके कानों तक पहुँचने के लिए
जो मरसिए पढ़ता है
आतंकित लोगों के दरवाजों पर
जो गुंडे की तरह अकड़ता है।

3. निम्नलिखित काव्यांश में निहित काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 4

मैं तो मेरे नारायण सूं, आपहि हो गई साची
लोग कहैं, मीरा भई बावरीय न्यात कहै कुल-नासी
विस का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीरां हाँसी
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) पथिक का मन कहाँ विचरना चाहता है ?

(ख) 'घर की याद' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) अक्क महादेवी कृत दूसरे वचन में ईश्वर से क्या कामना की गई है और क्यों ?

5. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1 x 7 = 7

(क) 'दूध का दाम' कहानी में भूंगी की मृत्यु किस कारण हुई ?

(i) भूख से (ii) सर्पदंश से

(iii) निमोनिया से (iv) प्लेग से



www.mseducationtv.com

(ख) 'आंखों में काइयाँ भोलापन और पेशानी पर मंजे हुए कारीगर के तेवर'- यहाँ 'पेशानी' का अर्थ है

(i) परेशानी (ii) दाढ़ी

(iii) मूँछें (iv) मस्तक

(ग) 'पथेर पांचाली' में अपू की भूमिका किसने निभाई ?

(i) सुबीर बनर्जी ने (ii) सत्यजित राय ने

(iii) विलास गिते ने (iv) टिया ने

(घ) लॉर्ड कर्जन का दूसरी बार भारत में वायसराय के रूप में कार्यकाल था :

(i) 1894-1899 (ii) 1899-1904

(iii) 1904-1905 (iv) 1909-1910

(ङ) 'मास्टर त्रिलोक सिंह तो अब गुजर गए होंगे' - 'गलता लोहा' कहानी में यह किससे पूछा गया ?

(i) मोहन से (ii) गोपाल सिंह से

(iii) शेखर जोशी से (iv) धनराम से

(च) सन् 1901 की जनगणना में स्पीति की जनसंख्या कितनी रही है ?

(i) 3231 (ii) 4241

(iii) 6272 (iv) 7196

(छ) 'रजनी' पटकथा में अमित ने गणित में कितने अंक प्राप्त किए ?

(i) 62 (ii) 72

(iii) 82 (iv) 92



www.mseducationtv.com

16. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

प्यारे नरवरगढ़ ! मेरा प्रणाम लो। आज मैं तुझसे जुदा होता हूँ। तु मेरा अन्नदाता है। अपनी विपद के दिन मैंने तुझमें काटे हैं। तेरे ऋण का बदला मैं गरीब सिपाही नहीं दे सकता। भाई नरवरगढ़ ! यदि मैंने जानबूझकर एक दिन भी अपनी सेवा में चूक की हो, यहाँ की प्रजा की शुभ चिंता न की हो, यहाँ की स्त्रियों को माता और बहन की दृष्टि से न देखा हो तो मेरा प्रणाम न ले, नहीं तो प्रसन्न होकर एक बार मेरा प्रणाम ले और मुझे जाने की आज्ञा दे।

**अथवा**

हमारे पुराने महाकाव्यों ने और पुराणों की कथा-कहानियों ने, जिन्हें वे खूब जानते थे, उन्हें इस देश की कल्पना करा दी थी, और हमेशा कुछ लोग ऐसे मिल जाते थे, जिन्होंने हमारे बड़े-बड़े तीर्थों की यात्रा कर रखी थी, जो हिन्दुस्तान के चारों कोनों पर हैं। या हमें पुराने सिपाही मिल जाते, जिन्होंने पिछली बड़ी जंग में या और धावों के सिलसिले में विदेशों में नौकरियाँ की थीं। सन् तीस के बाद जो आर्थिक मंदी पैदा हुई थी, उसकी वजह से दूसरे मुल्कों के बारे में मेरे हवाले उनकी समझ में आ जाते थे।

7. (क) मंगल के दुर्दिनों में उसका सबसे अच्छा मित्र कौन था ? उन दोनों में क्या समानता नजर आती है ? 2

(ख) 'जामुन का पेड' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 2

8. बालमुकुन्द गुप्त **अथवा** मन्नू भण्डारी के जीवन परिचय, साहित्यि विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए।



www.mseducationtv.com

9\. 'वितान' (भाग-1) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) लता मंगेशकर ने किस रस के गानों के साथ न्याय नहीं किया और किस रस के गाने उत्कटता से गाए हैं ?

(ख) लता मंगेशकर के गायन की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) लेखक ने पातालपानी और पालरपानी किसे कहा है ?

(घ) लेखक ने कुई का मुँह छोटा रखने के कौन से तीन मुख्य कारण बताए हैं ?

(ङ) 'आलो आँधारी' रचना में उठाई गई किन्हीं दो सामाजिक समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

10\. 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) पत्रकारिता के प्रमुख प्रकारों पर प्रकाश डालिए। 6

(ख) पटकथा लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है और क्यों ? 6

(ग) (i) टिप्पण लिखने का उद्देश्य क्या होता है ? 1

(ii) स्ववृत्त की भाषा-शैली कैसी होनी चाहिए ? 1

(iii) शब्दकोशीय क्रम में लिखिए: 1

तर्जनी, तरुणाई, तन्मय, तपस्वी।



www.mseducationtv.com

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1\times 4 = 4$

भारतीय किसान सीधा-सादा जीवन-यापन करता है। फैशन, चकाचौंध, चमक-दमक, बनावटीपन से कोसों दूर रहता है। उसका भीतर-बाहर एक होता है। उसका चरित्र दोहरा नहीं होता। वह धरती की छाती को अपने परिश्रम के जल से सींचता है, उसमें उत्पन्न फल-फूल, फसलें दूसरों में बाँट देता है। लू, सर्दी, वर्षा की परवाह किए बिना कार्य करता है। इस सबके बावजूद वह गरीबी में जीने के लिए विवश है। पूरी मेहनत के बाद भी भरपेट भोजन नहीं कर पाता तथा उसके पास साधनों का अभाव रहता है।

(i) प्रस्तुत गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) भारतीय किसान की विशेषता क्या है ?

(iii) किसान का जीवन कष्टसाध्य क्यों है ?

(iv) किसान की आर्थिक स्थिति कैसी होती है ?

12. (क) संधि-विच्छेद कीजिए : $1 + 1 = 2$

महौषध, नयन।

(ख) विग्रह करके समास का नाम लिखिए: $1 + 1 = 2$

प्रधानाध्यापक, अष्टसिद्धि।

(ग) वाक्य-शोधन कीजिए : $1 + 1 = 2$

(i) सप्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

(ii) आइये, भोजन खाइए।



www.mseducationtv.com